### एक नजर में



## सूर्यमुखी हनुमान मंदिर में मना जन्मोत्सव

**उज्जैन।** छोटा पुल, रामघाट स्थित सूर्यमुखी हनुमान मंदिर में हनुमान जी का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में विशेष महाआरती का आयोजन किया गया तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर भगवान के दर्शन किए। मंदिर की विशेषता यह है कि यहां भगवान हनुमान का अद्वितीय बाल स्वरूप विराजमान है। जिसमें वे सूर्य देव को फल समझकर मुख में धारण किए हुए दर्शाए गए हैं। यह स्वरूप विश्व में अपनी तरह का एकमात्र माना जाता है। पं. उमेश व्यास एवं आचार्य हर्ष व्यास ने बताया कि जन्मोत्सव के अवसर पर महाआरती के बाद मंदिर में आने वाले सभी श्रद्धालुओं को महाप्रसादी वितरित की गई। पुजारी ने शासन से मांग की कि यह प्राचीन मंदिर अपनी मूल जगह पर ही बना रहे और विकास कार्यों की योजना इस प्रकार बनाई जाए कि मंदिर को कोई नुकसान न पहुंचे। कार्यक्रम के अंत में मंदिर में सेवा देने वाले ब्राह्मण समाज एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा पं. उमेश व्यास एवं आचार्य हर्ष व्यास का महाकाल का दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर गजानन त्रिवेदी, रामेश्वर जोशी, अशोक प्रजापत, नरेन्द्र प्रजापत, मुकेश भैया सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।



## वल्लभ वैष्णव मंडल की 8 दिवसीय यात्रा

**उज्जैन।** वल्लभ वैष्णव मंडल, वल्लभ वैष्णव महिला मंडल एवं युवा मंडल के तत्वावधान में आयोजित 251 वैष्णवों की आठ दिवसीय चम्पारण-जगन्नाथ दर्शन यात्रा शुक्रवार सुबह 9 बजे उज्जैन लौट आई। मंडल के संस्थापक संयोजक विट्ठल नागर के नेतृत्व में 28 मार्च को रवाना हुई इस धार्मिक यात्रा का 3 अप्रैल को शहर वापसी के साथ ही सफलतापूर्वक समापन हुआ। मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने चम्पारण स्थित सुदामाकुटी में प्रवास किया। यहां बैठकजी दर्शन, राजभोग, शोभायात्रा, भव्य चवरी विवाह मनोरथ और गौ सेवा जैसे धार्मिक आयोजन संपन्न हुए। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम और सम्मान समारोह भी आयोजित किए गए। झारी चरण-स्पर्श और नंद महोत्सव मनोरथ का लाभ लेने के पश्चात सभी यात्री बस व रेल मार्ग से जगन्नाथ पुरी पहुंचे। पुरी में श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ के दर्शन, बैठकजी दर्शन व झारी चरण स्पर्श कर समुद्र तट एवं शहर का भ्रमण किया। इसके अलावा भुवनेश्वर, कोणार्क और साक्षी गोपाल आदि तीर्थ स्थानों के दर्शन का भी लाभ लिया। शुक्रवार सुबह देवास पहुंचने के पश्चात सभी यात्री बस द्वारा उज्जैन वापस लौटे। इस 8 दिवसीय यात्रा का सफल संचालन विभिन्न पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में हुआ। इनमें आनंद पुरोहित, अमित नागर व नुपुर नीमा, हेतल शाह तथा यात्रा संयोजक श्याम माहेश्वरी, रमेश चतुर्वेदी, राजेन्द्र शाह शामिल रहे।

## डॉ. सिंह को आचार्य कृष्णदत्त राष्ट्रीय पुरस्कार

**उज्जैन।** शहर के व्यंग्यकार डॉ. हरीशकुमार सिंह को साहित्य गरिमा पुरस्कार समिति, हैदराबाद द्वारा वर्ष 2025 के अखिल भारतीय आचार्य कृष्णदत्त हिंदी साहित्य व्यंग्य लेखन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह प्रतिष्ठित पुरस्कार राष्ट्रीय स्तर पर चयनित उनकी कृति 'चयनित व्यंग्य रचनाएं' के लिए प्रदान किया गया है। हैदराबाद में आयोजित सम्मान समारोह में डॉ. सिंह को यह अलंकरण प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आंध्र प्रदेश के पुलिस महानिरीक्षक विश्वजीत सपन, अध्यक्ष प्रो. शुभदा वांजपे और विशिष्ट अतिथि डॉ. शिवशंकर अवस्थी थे। मंच पर आत्मीय अतिथि शांति अग्रवाल, प्रो. ऋषभदेव शर्मा, संयोजक प्रदीप दत्त, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीण प्रणव, डॉ. आशा मिश्रा मुक्ता और डॉ. सुरभि दत्त उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से डॉ. सिंह को शॉल, श्रीफल, अंगवस्त्र, सम्मान राशि, अभिनंदन पत्र और ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया। डॉ. सिंह की इस राष्ट्रीय उपलब्धि पर प्रो. हरिमोहन बुधौलिया, डॉ. पिलकेंद्र अरोरा, मुकेश जोशी, दिनेश दिग्गज, शशांक दुबे, शांतिलाल जैन, संतोष सुपेकर, रमेशचन्द्र शर्मा और संदीप सृजन सहित शहर के साहित्यकारों एवं गणमान्य नागरिकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

# शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगी, कॉल सेंटर पर दबिश

**उज्जैन।** पुलिस ने शेयर ट्रेडिंग में अधिक मुनाफा दिलाने का झांसा देकर लोगों से ठगी करने वाले एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इंदौर के विजय नगर क्षेत्र में संचालित एक फर्जी कॉल सेंटर पर दबिश देकर मुख्य संचालक सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई के दौरान लाखों रुपये के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं।

जानकारी के अनुसार यह मामला 25 मार्च 2026 को सामने आया, जब उज्जैन निवासी सूरज राठौर ने राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि अज्ञात लोगों ने उन्हें शेयर मार्केट में अधिक मुनाफा दिलाने का लालच दिया और इसी बहाने उनसे करीब 70 हजार रुपये की ठगी कर ली। शिकायत मिलने के बाद जीवाजीगंज पुलिस ने मामले की गंभीरता से जांच शुरू की।



पुलिस ने मोबाइल नंबर, बैंक खातों, यूपीआई ट्रांजेक्शन और अन्य डिजिटल फुटप्रिंट की तकनीकी जांच की। इस जांच के दौरान इंदौर निवासी सौरभ यादव का नाम सामने आया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें कई अहम जानकारी मिली। सौरभ यादव से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस टीम ने 2 अप्रैल को इंदौर के विजय नगर क्षेत्र में स्थित एक मल्टी के तीसरे तल पर चल रहे एलाईस ब्लयू नाम के फर्जी ऑफिस पर उज्जैन पुलिस ने छापा मारा। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से बड़ी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए। इनमें 15 सीपीयू, 19 मॉनिटर, 6 फर्जी सिम कार्ड, 3 डेबिट कार्ड, मोबाइल फोन, राउटर, निवेशकों का डेटा और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज शामिल हैं। पुलिस का मानना है कि इन उपकरणों की मदद से यह गिरोह लंबे समय से लोगों को अपना शिकार बना रहा था।

### ऑनलाइन फर्जीवाड़ा-यादव समेत सहयोगी गिरफ्तार


पुलिस जांच में सामने आया कि यह पूरा सेटअप एक कॉल सेंटर की तरह संचालित किया जा रहा था। यहां से लोगों को फोन कर शेयर मार्केट में निवेश करने के लिए प्रेरित किया जाता था और उन्हें कम समय में ज्यादा मुनाफा मिलने का भरोसा दिलाया जाता था। इसी झांसे में आकर कई लोग अपनी मेहनत की कमाई गंवा बैठते थे। दबिश के दौरान पुलिस ने मौके से मुख्य संचालक अरुण लोढ़ी, सहयोगी नीरज आदिवासी, राहुल पाटीदार और नेटवर्क समन्वयक सौरभ यादव को गिरफ्तार किया।

## ऊंट, घोड़े, बग्घी, अखाड़े के साथ निकली श्री वीर हनुमान की पालकी



**उज्जैन।** हनुमान जन्मोत्सव पर कार्तिक चौक से श्री वीर हनुमान की पालकी यात्रा मंदिर के गादीपति महंत पुजारी पं. जस्सू गुरु महाराज के सानिध्य में निकाली गई। बाबा का जोधपुरी परिधान व लाल साफा पहनाकर श्रृंगार किया गया।


मंदिर के पुजारी नीलेश गुरु, पुजारी कृष्णा गुरु ने बताया महामंडलेश्वर ज्ञान दास महाराज, अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सुरेंद्र चतुर्वेदी, भगवान शर्मा, सिद्धि विनायक गणेश के पुजारी चमू गुरु, गुर्जरगौड़ ब्राह्मण समाज अध्यक्ष उत्तम दुबे ने ध्वज पूजन व महाआरती कर पालकी को रवाना किया। यात्रा में



11 ढोल, अखाड़ा, ऊंट, घोड़े, बग्घी, डीजे, बैंड, पालकी, ध्वज, ई-रिक्शा, रथ निकाले गए। यात्रा में महाकाल के पुजारी राम शर्मा, रमण त्रिवेदी, पुरोहित लोकेंद्र व्यास, दीपक शर्मा, दीपक भट्ट, कमल गुरु, मनोज गोस्वामी, विनोद व्यास सहित बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल हुए।

# हनुमान की पालकी पर बरसाए फूल

**उज्जैन।** श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रांगण स्थित श्री बाबा बाल विजय मस्त हनुमान का चल समारोह धूमधाम से निकाला गया। हर साल की तरह इस साल भी पालकी के तोपखाना पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। बाबर खान मित्र मंडली द्वारा आयोजित इस समारोह में पालकी पर जमकर पुष्पवर्षा की गई। इस दौरान शांतु गुरु महाराज, पंडित-पुजारियों और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों का साफा बांधकर एवं दस्तारबंदी कर



आत्मीय सम्मान किया गया। इसी क्रम में अजय तिवारी, पार्षद रजत मेहता का भी साफा पहनाकर सम्मान किया गया।

## एनएसयूआई का 55वां स्थापना दिवस सप्ताह कार्यक्रम शुरू

- 9 अप्रैल को मनाएंगे छात्र शक्ति दिवस उत्सव के रूप में

**उज्जैन।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के 55वें स्थापना दिवस के अवसर पर 3 अप्रैल से 9 अप्रैल तक स्थापना सप्ताह मनाया जा रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ की मंशानुरूप आयोजित इस सप्ताह के तहत विभिन्न शैक्षणिक, सामाजिक एवं जागरूकता कार्यक्रम किए जाएंगे।

आयोजन प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे के नेतृत्व में संपन्न हो रहे हैं, जो छात्र एकता और संगठन की मजबूती को समर्पित हैं। इसी क्रम में उज्जैन स्थित सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के ई-ब्लॉक हॉस्टल परिसर में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ के अवसर पर एनएसयूआई प्रदेश महासचिव हिमांशु शुक्ल के नेतृत्व में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर छात्रों को संगठन के विचारों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में एनएसयूआई से जुड़े अखिलेश अस्तेय, आईटी सेल जिला अध्यक्ष अमन रघुवंशी, संजय कुसमरिया, अरबाज खान, अल्फेज कुरैशी, मनोज सोनगरा सहित कई छात्र उपस्थित रहे। प्रदेश एनएसयूआई कार्यालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार स्थापना सप्ताह के दौरान कॉलेज एवं विश्वविद्यालय स्तर पर निबंध प्रतियोगिता होगी। सभी इकाइयों को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। 9 अप्रैल को स्थापना दिवस को छात्र शक्ति के उत्सव के रूप में मनाने की अपील करते हुए कहा है कि संगठन छात्रों की आवाज और उनके अधिकारों के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा।

# बाइक सवार युवक के पास मिला नशीला पदार्थ

**उज्जैन। मादक पदार्थ गांजा लेकर निकले बाइक सवार को सूचना मिलने पर पुलिस की सक्रियता से घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपी पर पूर्व में चोरी का प्रकरण दर्ज होने सामने आया है। मामले में आरोपी से पूछताछ की जाएगी।**

भाटपचलाना थाना पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि लाल पट्टे की मोटर सायकल पर एक युवक गांव खरसोदकलां में झाबरी रोड पुलिया के पास खड़ा है जो मादक पदार्थ गांजे की तस्करी के लिए जाने वाला है। तत्काल घेराबंदी शुरू की गई। मोटर सायकल क्रमांक एमपी 13 जेडक्यू 0955 पर एक युवक दिखाई दिया। जिसे पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उसका नाम महेश पिता अमर सिंह भीलवाड़ा जाति बागरी 37 साल निवासी मण्डी गेट के पास खरसोदकला सामने आया। उसके पास झोला था, जिसे चेक करने पर 1 किलो 840 ग्राम मादक पदार्थ गांजा भरा पाया गया। मामले में धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है। आरोपी का रिकॉर्ड खंगाले पर सामने आया कि पूर्व में वह नकबजनी को अंजाम दे चुका है। फिलहाल इस बात की जानकारी जुटाई जा रही है कि उसके साथ मादक पदार्थ तस्करी के मामले में कौन-कौन शामिल है। जानकारी मिलते ही उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा। आरोपी से बरामद गांजा 18 हजार और बाइक 50 हजार कीमत की सामने आई है।

# रात 1 .30 बजे थप्पड़ मारने पर युवक को घोंपा था चाकू

- हत्या का एक आरोपी हिरासत में, दो की तलाश में दबिश

**उज्जैन।** आगर रोड पर हुई हत्या का पुलिस ने रात को खुलासा कर दिया। एक आरोपी पुलिस की हिरासत में है दो की तलाश में दबिश दी जा रही है। लिफ्ट नहीं देने पर मृतक ने एक आरोपी को थप्पड़ मार दिया था जिसके चलते उसकी चाकू घोंपकर आरोपियों ने हत्या कर दी थी।

चिमनगंज मंडी पुलिस को गुरुवार सुबह कुछ लोगों ने आकर रोड पर खून से सनी युवक की लाश पड़ी होने की सूचना दी थी। घटनास्थल पर जांच के दौरान मृतक युवक की पहचान भुरु उर्फ आरीफ पिता अब्दुल गफ्फार निवासी बेगमबाग कॉलोनी के रूप में होने के बाद पुलिस ने हत्या के आरोपियों की तलाश शुरू की थी। सीसीटीवी कैमरो से हत्या करने वालों



का सुराग मिल गया था। जिनकी तलाश में पुलिस ने घेराबंदी शुरू की। इसी बीच देवास रोड से एक आरोपी मोनू उर्फ दीपांशु पिता नारायण बुंदेल 22 वर्ष निवासी शिव शक्ति नगर को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में उसने अपने दोस्त साथी लक्की पिता हेमू 22 साल, रेहान पिता रफीक मंसूरी 20 साल निवासी गांधी नगर के साथ मिलकर चाकू मारना स्वीकार कर लिया। मोनू ने पुलिस पूछताछ में बताया कि रात को वह अपने दोनों साथियों के आगर रोड से लौट रहा था, रास्ते में उन्हें शराब पीकर आ रहे युवक ने रोक कर लिफ्ट मांगी थी। पहले ही बाइक पर तीन लोग सवार थे लिफ्ट देने से मना किया तो शराब पिए युवक ने रेहान को थप्पड़ मार दिया था। जिसको लेकर विवाद हो गया था। शराबी युवक ने हाथापाई शुरू कर दी थी। जिसके चलते रेहान ने चाकू से हमला कर दिया, तीन से चार चाकू लगने पर युवक ने भागने का प्रयास किया और लहूलुहान होकर गिर पड़ा। हमला करने के बाद सभी भाग निकले थे। उन्हें पता नहीं था कि घायल मर जाएगा। सुबह लाश मिलने की जानकारी सामने आई तो शहर छोड़ कर भागने की फिराक में घर से निकल गए थे।

### फरार लकी और रेहान की तलाश की जा रही

टीआई गजेंद्र पचोरिया ने बताया कि हिरासत में आरोपी से पूछताछ जारी है। फरार लकी और रेहान की गिरफ्तारी के प्रयास एक टीम द्वारा किए जा रहे हैं। जल्द दोनों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल मोनू से बाइक बरामद की गई है। चाकू और अन्य सामग्री दोनों आरोपियों के गिरफ्त में आने पर जब्त की जाएगी।

# मांगों को लेकर बिजली कर्मचारी महासंघ का धरना-प्रदर्शन



**उज्जैन।** मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र बिजली कर्मचारी महासंघ ने अपनी 11 सूत्रीय मांगों और कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर मक्सी रोड स्थित वृत्त कार्यालय प्रांगण में एक दिवसीय शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया।

यह प्रदर्शन महासंघ के प्रभारी आनंद शिंदे के नेतृत्व में आयोजित किया गया। महासंघ के मीडिया प्रभारी रवि राठौर ने बताया कि धरने को मुख्य रूप से मप्र बिजली कर्मचारी महासंघ के महामंत्री सुशील पाण्डेय, भारतीय मजदूर संघ उज्जैन आगर विभाग प्रमुख सतीश शर्मा, मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश संगठन मंत्री मनोहर गिरी और बीएमएस के जिला उपाध्यक्ष अब्दुल हाफिज खान ने संबोधित किया। वक्ताओं ने कर्मचारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए प्रशासन के समक्ष 11 सूत्रीय मांगों के त्वरित निराकरण की बात रखी।

### शांति पूर्ण किए गए धरना प्रदर्शन में यह रहे मौजूद

इस शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन में प्रकाश चौरसिया, मनीष कारपेंटर, राजेश सोहनी, राजेश भटनागर, अतुल शिवहरे, पी. गुमास्ते, संजय गोठवाल, सुबोध जोशी, घनश्याम जागरी, राघवेंद्र सिंह, अखिलेश कुशवाह, भगवान भाटी और दिलीप श्रीवास सहित बड़ी संख्या में बिजली कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## श्री मंदिर एप दिव्यांग भक्तों के लिए बनेगा वरदान

**उज्जैन।** श्री मंदिर ऐप उज्जैन के मंदिरो के साथ ही डबरा में स्थित विश्व प्रसिद्ध नवग्रह मंदिर ने डिजिटल अध्यात्म की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। अब इस भव्य मंदिर की पूजा सेवाएं विश्व के सबसे बड़े भक्ति प्लेटफॉर्म 'श्री मंदिर ऐप' पर उपलब्ध होंगी। इस साझेदारी के माध्यम से दुनिया भर के करोड़ों श्रद्धालु अब अपने मोबाइल के जरिए घर बैठे नौ ग्रहों के दोष निवारण, अभिषेक और विशेष चढ़ावा सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। साथ ही, श्रद्धालु अब श्री मंदिर ऐप के माध्यम से डबरा के इस भव्य नवग्रह मंदिर में सीधे दान भी अर्पित कर सकेंगे।

## सेवादल के साथी कभी नहीं डरते.. परिस्थिति जैसी भी हो

- गुवाहाटी के हरिम्बापुर पहुंचे उज्जैन के हर्ष जैन

**उज्जैन।** अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल द्वारा असम विधानसभा चुनाव के लिए गुवाहाटी का प्रभारी बनाए जाने के बाद उज्जैन के कांग्रेस नेता हर्ष जैन ने अपना जनसंपर्क और जमीनी कार्य तेज कर दिया है। सेवादल प्रभारी के रूप में जैन ने न्यू गुवाहाटी विधानसभा के हरिम्बापुर क्षेत्र का दौरा कर स्थानीय निवासियों की समस्याओं को करीब से जाना।

हरिम्बापुर एक पहाड़ी क्षेत्र है, जहां हमेशा लैंडस्लाइडिंग का खतरा बना रहता है। क्षेत्र के लोगों ने बताया



कि आवाजाही के लिए बनी करीब 200 सीढ़ियां स्थानीय बुजुर्गों और मरीजों के लिए एक बड़ी बाधा हैं। ग्रामीणों की प्रमुख मांग है कि इन सीढ़ियों की जगह एक सुगम घाटी मार्ग विकसित किया जाए, ताकि छोटी गाड़ियां सीधे बस्ती तक आसानी से पहुंच सकें। ग्रामीणों की इस समस्या की गंभीरता को देखते हुए हर्ष जैन ने न्यू गुवाहाटी के क्षेत्रीय प्रत्याशी शांतनु बोरा से चर्चा की। उन्होंने प्रत्याशी को जनभावनाओं व क्षेत्र की जमीनी हकीकत से विस्तार से अवगत कराया। इस मौके पर जैन ने कहा कि जनता की सेवा ही कांग्रेस सेवादल का प्रथम संकल्प है।

# मखमल की पोशाक में सजे बाबा गुमानदेव

- 11 प्रकार के फलों के रस से हुआ
- स्नान, महाआरती में उमड़े श्रद्धालु

**उज्जैन।** पीपलीनाका रोड स्थित अति प्राचीन बाबा गुमानदेव हनुमान गढ़ी पर चल रहे 5 दिवसीय श्री हनुमान जयंती महोत्सव का हर्षोल्लास के साथ समापन हुआ। पूर्णाहुति के अवसर पर बाबा गुमानदेव मखमल की पोशाक में सजे और छप्पन भोग लगाया गया।

गादीपति ज्योतिषाचार्य पं. चंदन श्यामनारायण व्यास ने बताया कि परंपरानुसार महोत्सव के अंतर्गत बाबा गुमानदेव हनुमान का पंचामृत, 11 प्रकार के फलों के रस और औषधियों से स्नान कराया गया। इसके पश्चात उछप्पन भोग लगाया गया। संपूर्ण मंदिर परिसर को सुगंधित फूलों और



### इस आयोजन में यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर वरिष्ठ अभिभाषक रविंद्र त्रिवेदी, वरिष्ठ समाजसेवी अनंतनारायण मीणा, देवदत्त शर्मा, श्याम मेहता, महेश जोशी, राजेश भाटी, अभिषेक देवड़ा, पं. कमलेश भाईजी, विकास गादिया, मनीष रावल, मुकेश भाटी, गजेंद्र मारोठिया, राहुल भाटी, अक्षत जोशी, कमल मोरिया, नवनीत खत्री, अगकैलाश जाट, वासुदेव रावल और दिनेश रावल सहित नगर के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया था। गुरुवार को प्रातः जन्म आरती के बाद हवन एवं पूर्णाहुति संपन्न हुई। रात्रि 8.30 बजे महाआरती की गई।

**बाबा के द्वारे** ▶ धर्मपत्नी के साथ पहुंचे मंदिर, विश्व शांति और जनकल्याण के लिए की कामना

# केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भस्मारती कर अंगारेश्वर में कराई पूजा

**उज्जैन।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान शुक्रवार को उज्जैन आए। इस दौरान उन्होंने अल सुबह महाकाल मंदिर पहुंचकर भस्मारती की। इसके बाद मंत्री प्रधान परिवार के संग प्रसिद्ध अंगारेश्वर महादेव मंदिर भी गए जहां दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लिया।

मंत्री प्रधान लगभग दो घंटे तक सोला पहनकर भस्मारती में शामिल रहे। इसके बाद गर्भगृह में प्रवेश कर भगवान महाकाल का जलाभिषेक किया और नंदी हाल में नंदी जी को भी जल अर्पित किया। पुजारी राजेश शर्मा ने उनका पूजन संपन्न कराया।



मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मीडिया से कहा कि बाबा से उन्होंने विश्व में शांति की कामना की है। महाकाल से वे अंगारेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने काफी देर तक रुक कर भगवान का अभिषेक किया। पूजन शासकीय पुजारी पंडित मनीष अर्जुन उपाध्याय ने संपन्न कराया। भारतीय क्रिकेटर उमेश यादव भी पत्नी के साथ महाकाल की भस्मारती में शामिल हुए। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल व मंत्री गौतम टेटवाल भी महाकाल के दरबार में पहुंचे और दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लिया।

### नवचंडी यज्ञ का समापन कामाख्या मंदिर में पूजा

उज्जैन के शिप्रा तट पर रणजीत हनुमान मंदिर के सामने स्थित प्रसिद्ध मां कामाख्या मंदिर में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर आयोजित नवचंडी यज्ञ अनुष्ठान की पूर्णाहुति पूजन कार्यक्रम में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्री हरि गिरि जी महाराज, जूना अखाड़ा के सभापति श्री मोहन भारती जी महाराज शामिल हुए। अनुष्ठान दत्त अखाड़े के रमता पंच श्री महंत आनंद पुरी जी महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ। पंडित लोकेश शर्मा ने बताया मां कामाख्या का अभिषेक, श्रृंगार कर महाआरती की गई व कन्याभोज के साथ संतों व ब्राह्मणों का भंडारा हुआ। भाजपा नेता जगदीश अग्रवाल, रवि सोलंकी, गिरीश शास्त्री, राहुल व्यास, आनंद जोशी, बंटी गुरु, राजा खत्री, संदीप बागड़ी, महाकाल पुरी आदि मौजूद रहे।